हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

पत्रांक : हे0न0ब0ग0वि0वि0 / प0नि0 / 2026/305 — दिनांक: 24/9/2026

## अधिसूचना

एततद्वारा सी०बी०सी०एस० प्रणाली से सम्बन्धित छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि हेमवती नन्दन बहुगुणा, गढ़वाल विश्वविद्यालय से स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में सत्र 2015–2016 से 2021–2022 तक के छात्र–छात्राओं को नियमानुसार स्नातक एवं स्नातकोत्तर उपाधि अर्जित किये जाने हेतु स्नातक कक्षा हेतु 05 वर्ष तथा स्नातकोत्तर कक्षा हेतु 02 वर्ष की समय सीमा प्रदान की गई थी। कुछ छात्र–छात्राओं द्वारा सी०बी०सी०एस० प्रणाली के नियमों की अनभिज्ञता के कारण अपना पाठ्यक्रम समयावधि के अन्तर्गत पूर्ण नहीं किया गया है। विद्या परिषद की 25 वीं बैठक में एजेण्डा नं0–T-4 में **अन्तर्गत पारित निर्णय के उपरान्त शिक्षण सत्र 2015–2016 से 2021–22 (सी0बी0सी0एस0 प्रणाली सत्र 2015–2016 शुरु किये जाने से सत्र 2021–2022 एन0ई0पी0 के लागू होने तक) के बीच नामांकित हुये छात्र/छात्राओं को अपनी उपाधि अर्जित करने हेतु यदि एक प्रश्नपत्र से उपाधि अर्जित न हो पा रही हो तो ऐसे अभ्यर्थियों को किसी भी सेमेस्टर के** एक प्रश्नपत्र (**Theory or Practical**) की परीक्षा उत्तीर्ण करने का एक और विशेष अवसर प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है। ऐसे समस्त छात्र–छात्राओं को शपथपत्र प्रस्तुत करना होगा कि कि उक्त परीक्षा हेतु पुनः छूट नही मॉगी जायेगी। परीक्षा शुल्क रू0 5000/–(पांच हजार रूपये मात्र) के साथ आनलाईन (**Online**) परीक्षाफार्म भरने की तिथि निम्नवत् घोषित की जाती है।

**आनलाइन (Online)** *आवेदन भरने की प्रारम्भिक तिथि– 28 सितम्बर, 2026*
**आनलाइन (Online)** *आवेदन भरने की अन्तिम तिथि– 15 अक्टूबर, 2026*

**समस्त छात्र–छात्राओं का परीक्षा केन्द्र बिड़ला परिसर, श्रीनगर गढ़वाल में होगा।**
आनलाइन (**Online**) परीक्षाफॉर्म विश्वविद्यालय वेबसाइट www.hnbgu.ac.in पर उपलब्ध है।

**नोटः– उक्त परीक्षाओ हेतु विषम सेमेस्टर की परीक्षा वाले अभ्यर्थियों की परीक्षा दिसम्वर, 2026 मे तथा सम सेमेस्टर परीक्षा वाले अभ्यर्थियों की परीक्षा मई, 2027 में विश्वविद्यालय की अन्य परीक्षाओं के साथ आयोजित की जायेगी। तथा यदि किसी छात्र–छात्रा को ऑफलाइन परीक्षा फॉर्म भरने में किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो छात्र–छात्रा सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान/परिसर अथवा अनुभाग अधिकारी, परीक्षा से दूरभाष संख्या– 9410127055 पर सम्पर्क कर सकते हैं।**

24/9/26
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. जनसम्पर्क अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त अधिसूचना को दैनिक जागरण/हिन्दुस्तान/अमर उजाला/शाह टाइम्स/राष्ट्रीय सहारा में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/परिसर निदेशक पौड़ी/टिहरी परिसर।
3. समस्त प्राचार्य/निदेशक सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान।
4. प्रोगामर/प्रभारी, डाटा प्रोसेसिंग सेन्टर।
5. वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक/उपकुलसचिव (परीक्षा)/समस्त सहायक कुलसचिव/प्रभारी अतिगोपनीय।
6. सिस्टम मैनेजर को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देने का कष्ट करें।
7. निजी सचिव कुलसचिव, कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
8. सहायक कुलसचिव, कुलपति सचिवालय, माननीय कुलपति महोदय जी के सादर सूचनार्थ।

24/9/26
परीक्षा नियंत्रक

हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विष्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विष्वविद्यालय)
(A Central University)

पत्रांक : हे0न0ब0ग0वि0वि0 / प0नि0 / 2026/304 दिनांकः 24/09/26

## अधिसूचना ( )

एततद्वारा सम्बन्धित छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि विद्या परिषद की 25 वीं बैठक में एजेण्डा नं0–T–3 में छात्र–छात्राओं के भविष्य को देखते हुए विद्यापरिषद की 23 वीं बैठक दिनांक–22 जुलाई, 2025 के एजेंडा संख्या–23.11 के क्रम में Qualifiying Paper - Environment Science, Elementry Book-Keeping and accountancy में अर्हता (Qualified) प्राप्त नहीं कर पाये थे, एक अन्तिम अवसर दिये जाने की संस्तुति की गई है। ऐसे समस्त छात्र–छात्राओं का परीक्षा शुल्क रू0 5000/–(पांच हजार रूपये मात्र) के साथ ऑफलाइन (**Offline**) परीक्षाफार्म भरने की तिथि निम्नवत् घोषित की जाती है।

*ऑफलाइन आवेदन भरने की प्रारम्भिक तिथि–21 सितम्बर, 2026*
*ऑफलाइन आवेदन भरने की अन्तिम तिथि–15 अक्टुवर, 2026*

शुल्क विश्वविद्यालय कैश काउन्टर या बैंक ड्राफ्ट/ऑनलाइन के माध्यम से जमा कर एक प्रति शुल्क विवरण परीक्षाफार्म के साथ महाविद्यालयों/संस्थान के प्राचार्यो से अग्रसारित करवाकर **दिनांक–20 अक्टूवर, 2026** तक परीक्षा अनुभाग मे प्रेषित कर अपना प्रवेश पत्र परीक्षा अनुभाग से प्राप्त कर सकते हैं। बैंक ड्राफ्ट वित्त अधिकारी, हेमवती नन्दन बहुगुणा, गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर गढ़वाल के नाम देय होगा। समस्त छात्र–छात्राओं का परीक्षा केन्द्र बिड़ला परिसर, श्रीनगर गढ़वाल में होगा।
ऑफलाइन परीक्षाफॉर्म विश्वविद्यालय वेबसाइट www.hnbgu.ac.in पर उपलब्ध है।

***नोटः–यदि किसी छात्र–छात्रा को ऑफलाइन परीक्षा फॉर्म भरने में किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो छात्र–छात्रा सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान/परिसर अथवा अनुभाग अधिकारी, परीक्षा से दूरभाष संख्या– 9410127055 पर सम्पर्क कर सकते हैं।***

24/9/26
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. जनसम्पर्क अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त अधिसूचना को दैनिक जागरण/हिन्दुस्तान/अमर उजाला/शाह टाइम्स/राष्ट्रीय सहारा में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/परिसर निदेशक पौड़ी/टिहरी परिसर।
3. समस्त प्राचार्य/निदेशक सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान।
4. प्रभारी, डाटा प्रोसेसिंग केन्द्र/प्रोगामर।
5. वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक/उपकुलसचिव (परीक्षा)/समस्त सहायक कुलसचिव।
6. सिस्टम मैनेजर को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देने का कष्ट करें।
7. निजी सचिव कुलसचिव, कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
8. सहायक कुलसचिव, कुलपति सचिवालय, माननीय कुलपति महोदय जी के सादर सूचनार्थ।

24/9/26
परीक्षा नियंत्रक